सोमवार, 9 फरवरी, 2026

www.tvbharatvarsh.in

E-PAPER

कुल पृष्ठ–08

बायकॉट विवाद पर भड़के सुनील गावस्कर

Page-04

भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

खुद को खोना मंज़ूर नहीं

Page-05

हाल के दिनों में देश की राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सरकार के संबंधों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। विपक्षी दल कई बार यह आरोप लगाते रहे हैं कि संघ का सरकार और सत्तारूढ़ दल के फैसलों पर गहरा प्रभाव है। इसी पृष्ठभूमि में संघ से जुड़े माने जाने वाले नेताओं के बयानों को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

संघ के निर्देश पर तुरंत पद छोड़ने को तैयार

राजनीतिक गलियारों में उस समय हलचल मच गई जब एक वरिष्ठ नेता ने सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया कि यदि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) उनसे इस्तीफा देने को कहेगा, तो वह बिना किसी हिचक या देरी के तुरंत अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे। नेता के इस बयान को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और अनुशासन के उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है, वहीं विपक्ष इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल के रूप में पेश कर रहा है।एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए नेता ने कहा कि वह संघ को केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अपनी वैचारिक प्रेरणा और मार्गदर्शक मानते हैं। उनके अनुसार, "संघ ने मुझे जो संस्कार दिए हैं, वही मेरी राजनीति की नींव हैं। यदि संघ यह महसूस करता है कि मुझे पद पर नहीं रहना चाहिए, तो मैं उसी क्षण इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं।" इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।विपक्षी दलों ने इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति यदि किसी संगठन के निर्देश पर इस्तीफा देने की बात करता है, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। विपक्ष का आरोप है कि इससे यह संदेश जाता है कि सरकार और संगठन के बीच स्पष्ट दूरी नहीं है।वहीं सत्तारूढ़ दल के नेताओं और समर्थकों ने इस बयान का बचाव किया है। उनका कहना है कि यह वक्तव्य अनुशासन, नैतिकता और वैचारिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समर्थकों के मुताबिक, नेता ने यह बात स्वेच्छा से कही है और इसमें किसी तरह का दबाव नहीं है। उनका मानना है कि संघ से प्रेरित रहना और संविधान के तहत कार्य करना, दोनों में कोई विरोधाभास नहीं है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बयान ऐसे समय में आया है जब संगठन और राजनीति के संबंधों को लेकर पहले से ही बहस चल रही है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि यह बयान समर्थकों को एकजुट करने और संगठन के प्रति भरोसा जताने का प्रयास भी हो सकता है। वहीं कुछ का मानना है कि इससे आने वाले दिनों में राजनीतिक विवाद और गहरा सकता है। फिलहाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से इस बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, राजनीतिक माहौल में इस कथन ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

'आरएसएस प्रमुख किसी जाति का नहीं, केवल हिंदू होगा',

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संगठन की वैचारिक सोच को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख किसी एक जाति या वर्ग का प्रतिनिधि नहीं होता, बल्कि वह केवल हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करता है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में नई बहस शुरू हो गई है।मोहन भागवत ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की सोच जाति आधारित पहचान से ऊपर है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "आरएसएस प्रमुख किसी जाति का नहीं होता। उसकी पहचान केवल हिंदू के रूप में होती है, क्योंकि संघ हिंदू समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि संघ समाज को जोड़ने का काम करता है, न कि बांटने का।संघ प्रमुख ने आगे कहा कि जाति व्यवस्था समाज की एक ऐतिहासिक सच्चाई रही है, लेकिन संघ का प्रयास हमेशा सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने का रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की ताकत उसकी विविधता में है|

हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास ने स्वामी प्रसाद मौर्य को दी जान से मारने की धमकी

हनुमानगढ़ी अयोध्या के वरिष्ठ महंत राजू दास ने अपने हालिया बयान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ बेहद भड़काऊ टिप्पणी की है, जिससे राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भारी उबाल आ गया है। महंत राजू दास ने कहा कि यदि वे गृहस्थ होते, तो वे लाइसेंस बनवाकर मौर्य के सीने में गोली मार देते, आरोप लगाते हुए कि मौर्य ने हिंदुओं का अपमान किया।यह विवाद तब शुरू हुआ जब महंत ने मैनपुरी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मंच से मौर्य पर तीखी टिप्पणियाँ कीं और अपने गुस्से का इजहार करते हुए यह हिंसक बयान दे दिया। महंत ने कहा कि वे संत हैं और माला जपते हैं, लेकिन यदि गृहस्थ होते तो ऐसे कदम उठाने से पीछे नहीं हटते।स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिलहाल इस बयान पर सीधा जवाब नहीं दिया है, लेकिन राजनीतिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे बयान सामाजिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा हो सकते हैं।मामले ने अब राजनीतिक और धार्मिक बहस को जन्म दे दिया है, जिससे प्रशासन को सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सतर्क रहने की जरूरत है।

पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर RJD ने किया बचाव, कहा, कहा–जनता की आवाज दबाने की कोशिश

पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर बिहार की राजनीति गरमा गई है। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने खुलकर पप्पू यादव के समर्थन में मोर्चा संभालते हुए उनकी गिरफ्तारी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। RJD नेताओं ने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार देते हुए कहा कि पप्पू यादव बिहार के ऐसे नेता हैं, जो हमेशा आम जनता की आवाज बने हैं और यही बात सत्ता पक्ष को खटक रही है।RJD प्रवक्ताओं ने बयान जारी कर कहा कि पप्पू यादव कोई साधारण नेता नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति का अनोखा चेहरा हैं, जिन्होंने हर संकट में जनता के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया है। पार्टी का कहना है कि जब-जब पप्पू यादव ने बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को जोर-शोर से उठाया, तब-तब उन्हें दबाने की कोशिश की गई।RJD ने सवाल किया कि आखिर गिरफ्तारी की टाइमिंग क्या दर्शाती है और क्या यह कार्रवाई निष्पक्ष है। पार्टी नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में असहमति और सवाल उठाना अपराध नहीं हो सकता। अगर कोई नेता जनता के हक की बात करता है, तो उसे जेल भेजने की बजाय उसकी बात सुनी जानी चाहिए।पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है।

दरभंगा में बच्ची से दुष्कर्म और हत्या पर उबाल, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

बिहार के दरभंगा जिले में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और निर्मम हत्या की दिल दहला देने वाली घटना के बाद पूरे इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला। इस जघन्य अपराध से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुस्साए लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया और बीच सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया, जिससे इलाके में आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक संगठन और पीड़ित परिवार के परिजन मौके पर जुट गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि घटना के बाद पुलिस ने शुरुआत में गंभीरता नहीं दिखाई, जिससे लोगों का आक्रोश और भड़क गया। लोगों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाएं और युवा भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब कुछ आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस की गाड़ियों को भी निशाना बनाया गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हालांकि भीड़ की उग्रता को देखते हुए पुलिस को कुछ समय के लिए पीछे हटना पड़ा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक और कहासुनी भी हुई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं इलाके में पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन समय पर सख्त कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिलेगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए।घटना के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और दोषियों की पहचान कर ली गई है। अधिकारियों के अनुसार, विशेष जांच टीम का गठन किया गया है और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। विपक्षी दलों ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सरकार को घेरा है, जबकि सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।समाजसेवियों और बाल अधिकार संगठनों ने भी इस घटना पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि राज्य में बच्चों की सुरक्षा को लेकर ठोस और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने स्कूलों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

अपने ही समुदाय को निशाना बना रहा ISIS,

इस्लामाबाद में ब्लास्ट की जिम्मेदारी

इस हमले ने न केवल साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ाया है, बल्कि दक्षिण एशिया में स्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों के बारे में गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।विश्लेषकों के अनुसार, यह हमला पाकिस्तान में उभरते साम्प्रदायिक आतंकवाद के खतरे को दर्शाता है और यह संकेत है कि IS जैसे समूहों का लक्ष्य अब स्थानीय मुस्लिम समुदायों के भीतर फूट डालना है, जिससे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर किया जा सके।

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को हुई शिया मस्जिद में आत्मघाती बम धमाके की जिम्मेदारी वैश्विक आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (ISIS/ISPP) ने स्वीकार कर ली है, जिससे पूरे देश और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता की लहर दौड़ गई है। इस दर्दनाक हमले ने साम्प्रदायिक ताने-बाने को झकझोर दिया है और यह हमला इसी शिया समुदाय को निशाना बनाकर किया गया, जिसे संगठन ने अपनी "वैचारिक प्रतिद्वंद्विता" का एक लक्ष्य बताया है।यह हमला इस्लामाबाद के तरलई कलां क्षेत्र में स्थित खदीजा अल-कुब्रा इमामबाड़ा मस्जिद में शुक्रवार की जुमे की नमाज़ के दौरान हुआ। घायलों की संख्या 170 से अधिक बताई गई है, जबकि कम से कम 36 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं — जिनमें कई अस्पताल में गंभीर रूप से घायल मरीजों की मौत के बाद यह आंकड़ा बढ़ा। यह राजधानी में 2008 के मारियट होटल बम हमले के बाद सबसे भयानक आतंक घटना है।घटना के कुछ मिनटों पहले कहा जा रहा है कि सुरक्षा कर्मियों ने हमलावर की तरफ गोलीबारी की, लेकिन आख़िरकार उसने अपने साथ रखे विस्फोटकों को मस्जिद के अंदर ज़मीन के करीब ही सक्रिय कर दिया, जिससे तीव्र धमाका हुआ और भीड़ में हाहाकार मच गया। कई प्रेक्षकों ने बताया कि ज़मीन पर कई शव और घायल लोग तड़पते दिखे।आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान प्रांत (ISPP) ने अपने प्रचार माध्यम अमाक न्यूज़ एजेंसी के ज़रिये बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि यह हमला उनके "सैन्य अभियानों" का हिस्सा है। संगठन का दावा है कि उसने शिया समुदाय को "वैचारिक विरोधी और दुश्मन" मानते हुए इस तरह का निशाना चुना है।पाकिस्तानी अधिकारियों ने हमले को न केवल आंतरिक सुरक्षा की विफलता करार दिया है, बल्कि कहा गया है कि यह आतंकियों की "समूहबद्ध साजिश" का परिणाम है। पुलिस ने पहले ही चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है, और जांच जारी है।घटना के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने कड़ी निंदा की है और दोषियों को कठोर कानूनी कार्रवाई का सामना कराने का वादा किया है। वहीं चीन ने इस हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तान के प्रति अपनी समर्थन प्रतिबद्धता दोहराई है। इस्लामाबाद के स्थानीय समुदाय में शोक और डर का माहौल है, जहाँ पीड़ित परिवारों के लिये सहायता कार्यक्रम चल रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया है।

क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है?

अमेरिकी प्रशासन ने शनिवार 7 फरवरी को यह घोषणा की है कि भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर लगाया गया 25% पेनाल्टी हटा दिया गया है. साथ ही भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर भी टैरिफ 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है. अमेरिकी प्रशासन का यह फैसला सुनने में तो बहुत बड़ी जीत की तरह प्रतीत होता है, लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि क्या टैरिफ हटने के पीछे महज भारत की कूटनीति है? यह सवाल इसलिए भी बहुत लाजिमी हो जाता है, क्योंकि व्हाइट हाउस के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में यह बताया गया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, जबकि भारत–अमेरिका ट्रेड डील के बाद संयुक्त बयान में इस तरह की कोई बात नहीं कही गई है. भारत–अमेरिका ट्रेड डील के बाद भी ऐसा कोई बयान संयुक्त रूप से जारी नहीं हुआ है. ऐसे में अमेरिकी प्रशासन का यह कहना कि भारत ने वादा किया है, संशय खड़े करता है. भारत सरकार की ओर से लगातार यह बयान सामने आया है कि रूस से तेल खरीदने पर फैसला बाजार और देश के नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा. 2023 में रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था और 2025 में भी यह शीर्ष सूची में है, हालांकि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने के आंकड़े को देखें, तो यह जरूर कहा जा सकता है कि दिसंबर 2025 में तेल आयात अपने निचले स्तर पर रहा है.

U-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया की वतन वापसी, हुआ ग्रैंड वेलकम

6 ग्रहों की कतार मुश्किल से दिखता है ये नजारा

इस साल 28 फरवरी 2026 की शाम खगोल प्रेमियों के लिए एक बेहद खास और दुर्लभ दृश्य देखने को मिलेगा। पृथ्वी से आकाश की ओर देखने पर छह ग्रह — बुध, शुक्र, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेप्च्यून — लगभग एक ही सीधी रेखा में दिखाई देंगे। खगोलविद इसे "प्लैनेट परेड" या ग्रहों की कतार कहते हैं। यह दृश्य सूर्यास्त के तुरंत बाद पश्चिम-दक्षिण-पश्चिमी क्षितिज के पास करीब 30 मिनट से 90 मिनट तक देखा जा सकेगा।विशेषज्ञों के अनुसार, यह वास्तव में ग्रहों का वास्तविक भौतिक संरेखण नहीं है, बल्कि पृथ्वी से देखने पर ऐसा प्रतीत होगा कि सभी ग्रह लगभग एक ही पथ में हैं। इस प्रकार का दृश्य हर साल नहीं दिखाई देता और इसे देखने का मौका खगोल प्रेमियों के लिए बेहद दुर्लभ माना जाता है।इस कतार में चार ग्रह — बुध, शुक्र, शनि और बृहस्पति — को बिना किसी उपकरण के नंगी आंखों से देखा जा सकता है, यदि आसमान साफ़ हो और प्रकाश प्रदूषण कम हो। वहीं, यूरेनस और नेप्च्यून बहुत हल्के और कम चमक वाले हैं, इसलिए इन्हें देखने के लिए दूरबीन या छोटे टेलीस्कोप की आवश्यकता होगी। खगोल विज्ञानियों का कहना है कि अगर कोई सही दिशा और समय का ध्यान रखे,

तो यह दृश्य बेहद शानदार और यादगार रहेगा।विशेषज्ञों ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और इसे देखने के लिए शहर की रोशनी से दूर किसी खुली जगह का चयन करें। उन्होंने कहा कि बच्चों और परिवार के साथ यह नजारा देखने का अनुभव बेहद रोचक और शैक्षिक भी होगा।ग्रहों की इस कतार की घटना वैज्ञानिकों और खगोल प्रेमियों के लिए जानकारी का भी एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इससे ग्रहों की गति, उनकी चमक और आकाशीय संरेखण का अध्ययन करने का मौका मिलता है। खगोल वैज्ञानिक इसे साल की सबसे सुंदर खगोलीय घटनाओं में से एक मानते हैं।

Pakistan के पूर्व PM इमरान और पत्नी बुशरा को 17-17 साल की सख्त सजा

पाकिस्तान की राजनीति से एक बड़ी खबर आ रही है जहाँ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में अदालत ने दोनों को 17-17 साल की लंबी सजा सुनाई है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बनी एक स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। जज ने दोनों को अलग-अलग धाराओं में कुल 17 साल की सजा दी है। साथ ही, उन पर 1 करोड़ 64 लाख पाकिस्तानी रुपये का भारी जुर्माना भी ठोका गया है। हालांकि, बुशरा बीबी के महिला होने के नाते सजा में थोड़ी नरमी की बात कही गई है, लेकिन सजा फिर भी काफी सख्त है। यह पूरा मामला 2021 का है, जब सऊदी अरब की सरकार ने इमरान खान को कुछ महंगे तोहफे दिए थे। इसमें कीमती घड़ियाँ, हीरे और सोने के गहने शामिल थे। नियम कहता है कि सरकारी ओहदे पर रहते हुए विदेशी नेताओं से जो भी गिफ्ट मिलते हैं, उन्हें 'तोशाखाना' (सरकारी खजाने) में जमा करना पड़ता है। आप चाहें तो तय कीमत चुकाकर उन्हें बाद में खरीद भी सकते हैं। अब इस मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर आरोप यह है कि इन तोहफों की असली कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी, लेकिन कागजों पर इन्हें सिर्फ 58-59 लाख का दिखाया गया। कहा जा रहा है कि इन दोनों ने मिलकर बहुत कम कीमत पर ये कीमती चीजें हथियाने की कोशिश की। अदालत में 21 गवाहों ने अपनी बात रखी। फैसले के वक्त इमरान और बुशरा दोनों वहां मौजूद थे। इमरान खान का साफ कहना है कि ये सब उनके खिलाफ एक राजनीतिक साजिश है और उन्हें फंसाया जा रहा है। इमरान खान अगस्त 2023 से ही सलाखों के पीछे हैं। हालांकि उन्हें कुछ मामलों में पहले जमानत मिल चुकी थी, लेकिन अब इस नए फैसले ने उन्हें फिर से मुश्किल में डाल दिया है। उनके पास अब सिर्फ एक रास्ता बचा है—हाईकोर्ट में अपील करना। फिलहाल उनकी जेल की हालत को लेकर संयुक्त राष्ट्र (UN) ने भी चिंता जताई है।

मलेशिया दौरे पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी से मिले PM मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कुआलालंपुर में आजादी के नायक रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी और भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) यानी आजाद हिंद फौज के वेटरन जयराज राजा राव से मुलाकात की। उन्होंने INA के असाधारण साहस, विरासत और बलिदान के लिए सभी भारतीयों की ओर से आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, "हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज के बहादुर महिलाओं-पुरुषों के प्रति हमेशा ऋणी रहेंगे, जिनके पराक्रम ने भारत के भाग्य को आकार दिया।" पीएम मोदी ने कहा कि INA वेटरन राव से हुई मुलाकात को शानदार बताया। उन्होंने लिखा कि राव से मिलना "बहुत खास" था। "उनका जीवन अपार साहस और बलिदान से भरा है। उनका अनुभव सुनना बहुत प्रेरणादायक था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने "INA के असाधारण साहस, विरासत और बलिदान के लिए सभी भारतीयों की ओर से आभार" व्यक्त किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सितंबर 1943 में कुआलालंपुर के सेलांगोर पैडांग (Dataran Merdeka या इंडिपेंडेंस स्क्वायर) में

हजारों अनुयायियों को जोशीला संबोधन दिया था, जिसने कई युवाओं को भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। वेटरन जयराज राजा राव भी उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में शामिल होकर उनके साथ काम किया और देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोदी दो दिवसीय मलेशिया दौरे पर हैं, जिसमें दोनों पक्षों ने रक्षा एवं सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए कई नई पहलें शुरू कीं।

संपादक की कलम से

भारत और मलेशिया के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से लंबे समय से मजबूत रहे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इन रिश्तों ने एक नए रणनीतिक आयाम में प्रवेश किया है। बदलते वैश्विक परिदृश्य, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियाँ और आर्थिक सहयोग की नई संभावनाओं के बीच भारत–मलेशिया संबंध अब केवल द्विपक्षीय व्यापार तक सीमित नहीं रहे, बल्कि रणनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। यह नया अध्याय दोनों देशों के लिए साझा विकास, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रुख का प्रतीक बनता जा रहा है। भारत और मलेशिया के बीच संबंध सदियों पुराने हैं, जिनकी जड़ें व्यापार, संस्कृति और लोगों के आपसी संपर्क में निहित हैं। मलेशिया में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करते हैं। स्वतंत्रता के बाद से दोनों देशों ने लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन और बहुपक्षीय सहयोग को प्राथमिकता दी है। समय के साथ यह साझेदारी अब एक परिपक्व और बहुआयामी संबंध में बदल चुकी है। हाल के उच्चस्तरीय दौरों और द्विपक्षीय बैठकों ने भारत–मलेशिया संबंधों को नई दिशा दी है। रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए दोनों देश अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेषकर UNCLOS, के पालन पर जोर देते हैं। दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक, मुक्त, खुला और नियम-आधारित क्षेत्रीय ढांचे के लिए भारत और मलेशिया की सोच काफी हद तक समान है।आर्थिक मोर्चे पर भारत और मलेशिया के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है और दोनों देश इसे और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप्स, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएँ हैं। भारत की "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" पहल तथा मलेशिया की औद्योगिक क्षमताएँ एक-दूसरे के पूरक बन सकती हैं। इसके अलावा, शिक्षा, कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ रहा है। भारतीय आईटी पेशेवरों और स्वास्थ्य सेवाओं की मलेशिया में मजबूत उपस्थिति है, वहीं मलेशियाई निवेशक भारत के तेजी से बढ़ते बाजार को अवसर के रूप में देख रहे हैं। भारत–मलेशिया संबंधों का एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहलू आतंकवाद के खिलाफ साझा दृष्टिकोण है। दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इसके किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई है और मलेशिया ने भी इस रुख का समर्थन किया है। द्विपक्षीय वार्ताओं में इस बात पर स्पष्ट सहमति बनी है कि आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के खिलाफ कोई समझौता नहीं होगा। आतंकवादी संगठनों को पनाह देने, वित्तपोषण करने या राजनीतिक समर्थन देने वाली मानसिकता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर किया जाएगा। यह साझा संकल्प न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देता है, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है।

संसद की गरिमा को बचाने की ज़रूरत

हाल ही में लोकसभा में हुए अभूतपूर्व हंगामे ने संसदीय मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है, जहाँ प्रधानमंत्री को भी सदन को संबोधित करने से रोका गया, जो नेहरू-वाजपेयी द्वारा स्थापित संवाद की परंपरा के क्षरण और लोकतंत्र के लिए एक निराशाजनक संकेत है।

प्रो. संजय द्विवेदी

देश की संसद हमारे लोकतांत्रिक आचरण, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की शुचिता का केंद्र होनी चाहिए। जहां संवाद से संकटों के हल खोजे जाएं। लेकिन पिछले दो दिनों में लोकसभा में जो हुआ,वह बहुत निराशाजनक है। सदन के नेता प्रधानमंत्री ही अगर अपने सदन को संबोधित न कर सकें, इससे ज्यादा निराश करने वाली बात क्या हो सकती है। ये हुआ , सबने देखा। यह संसदीय मर्यादाओं के तार-तार होने का भी समय है। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को यह अपील करनी पड़ी कि प्रधानमंत्री लोकसभा में न आएं और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब न दें। लोकसभा अध्यक्ष ने किस तरह की आशंकाओं के कारण ऐसा कहा होगा, इसे समझा जा सकता है। इसके पहले सदन में हुए हंगामे, कागज फाड़कर आसंदी पर फेंकने जैसे दृश्य तो संसद ने अनेक बार देखे हैं। बावजूद इसके एक अभूतपूर्व दृश्य भी लोकसभा ने देखा जब लगभग सात महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक जा पहुंचीं। क्या हो सकता था, इसका अनुमान लगाना ठीक नहीं। किंतु बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने जो कुछ कहा वह बताता है, संसदीय मर्यादाओं की सीमाएं लांघते हुए हमारे सांसद दिखे। परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री देते हैं । इसकी न सिर्फ अपेक्षा रहती है बल्कि प्रतीक्षा भी आखिर सरकार के मुखिया क्या कहते हैं। स्थापित मान्यता यहां टूटती दिखी। प्रधानमंत्री लोकसभा को संबोधित नहीं कर सके। राज्यसभा में भी उनका भाषण विपक्ष की गैरमौजूदगी में हुआ। संसदीय लोकतंत्र में विरोध और संवाद साथ -साथ चलते हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद में पहले दिन से बहस और संवाद की संस्कृति को संरक्षित किया। वे यह चाहते थे अच्छे लोग संसद में आएं और संसदीय बहसों का स्तर ऊंचा हो। अपने विरोधी सांसदों की भी वे प्रशंसा करते हुए नजर आते हैं। दिग्गज सांसद राममनोहर लोहिया से लेकर युवा सांसद अटल बिहारी बाजपेई को भी उन्होंने ध्यान से सुना। यह परंपरा बाद के प्रधानमंत्रियों ने भी बनाए रखी। विपक्ष भी अपने आचरण में मर्यादित रहा। संसद हमारे लोकतांत्रिक स्वभाव का आईना बनी रही। आपातकाल लागू होने के बाद क्षरण जरूर हुआ किन्तु बाद के दिनों में सब कुछ संभल गया। नरसिंहराव, चंद्रशेखर, अटलजी स्वयं बड़े संसदविद् थे और सदन गरिमा के साथ चलता रहा। कड़ी आलोचना के साथ , संवाद कायम रहा। पिछले कुछ समय से संवाद बंद है और कटुता बहुत बढ़ गई है। संसद शब्द की हिंसा का केंद्र बन गयी है। अपने सहयोगी सांसद को गद्दार की संज्ञा देना जैसे उदाहरण किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह शुभ नहीं है। यह सही बात है कि सदन को चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन विपक्षी दलों के सहयोग के बिना सदन नहीं चल सकता यह भी सच है। सदन में मिले विशेषाधिकार का लाभ लेकर सांसदों द्वारा हमारे महान दिवंगत नेताओं को कोसना , उनके जीवन के निजी पक्षों को किताबों के संदर्भ देकर उठाना कितना उचित है? इसके साथ ही बिना तथ्यों के किसी अनछपी किताब के उदाहरण से सरकार को घेरने की कोशिश भी बचकानी ही है। बजट सत्र संसद का बहुत महत्व का सत्र होता है। जिसमें हम अपने देश के आगामी एक साल के सपनों, आकांक्षाओं, आर्थिक भविष्य का खाका खींचते हैं। ऐसे सत्र का समय नष्ट करके हमें क्या हासिल होगा, समझना मुश्किल है।

मुद्दे की बात यह भी है कि क्या हमारे सांसद स्वस्थ बहस चाहते हैं? क्या क्षणिक राजनीतिक सुर्खियों के लिए हम समाज के वृहत्तर प्रश्नों की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं। दिवंगत नेताओं की चरित्रावली का वाचन करके हम कौन से मूल्य स्थापित कर रहे हैं? कभी नेता प्रतिपक्ष ने वीर सावरकर पर सवाल खड़े करके जो गलत परंपरा डाली , अब दूसरे सांसद बोरे में किताबें लाकर उनके अंश पढ़ रहे हैं। इससे हमें क्या हासिल होगा? नेहरू जी, श्रीमती इंदिरा गांधी, अटल जी इस देश के महान नेता रहे हैं, उनके देहावसान के बाद ऐसी गलीज बातें राजनीतिक कार्यकर्ताओं को नहीं करनी चाहिए। मृत्यु के बाद हम पुरखों के सद्गुण याद करते हैं। उनके प्रदेय और योगदान पर गर्व करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। किंतु हम किस रास्ते पर चल पड़े हैं? आजादी के इतने सालों बाद संसदीय बहस और संसदीय मर्यादाओं का स्तर ऊंचा करने के बजाय हम इसे रसातल में ले जा रहे हैं। कितना अच्छा होता कि हमारे सांसद यह समझ पाते कि देश की जनता ने उन्हें किन उम्मीदों से संसद में भेजा है। अगर सांसद ही तय लेंगे कि संसद नहीं चलेगी, तो उसे कौन चला सकता है। सांसद होना साधारण नहीं है, देश के 1 अरब, 40 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं के प्रतिनिधियों का आचरण प्रश्नचिन्ह की तरह हमारे सामने है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल ऐसे निराशाजनक दृश्यों से संसद को बचाने के लिए सोचेंगे। संसदीय राजनीति का यह पतन देखकर सबसे दुखी शायद पं.जवाहरलाल नेहरू और श्री अटल बिहारी वाजपेयी ही होते। दुर्भाग्यवश इन दोनों के राजनीतिक उत्तराधिकारी ही इन दृश्यों के लिए जिम्मेदार हैं। बाकी से क्या उम्मीद करना ?

भारतीय न्यायपालिका में बड़ा बदलाव, अब आपको मातृभाषा में मिलेगा न्याय

आमजन को उनकी अपनी भाषा में न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में देश की न्यायपालिका बड़ा कदम उठाने जा रही है। भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (National Judicial Academy) में आयोजित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बहुभाषी डिजिटल ज्यूडिशियल प्लेटफॉर्म (Multilingual digital platform) विकसित करने पर सहमति बनी। सम्मेलन की अगुवाई मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत (CJI Surya Kant) एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीशों ने की। मंथन के दौरान यह बात प्रमुखता से सामने आई कि देश की बड़ी आबादी भाषा संबंधी बाधाओं के कारण न्यायिक प्रक्रिया से पूरी तरह जुड़ नहीं पाती। इसे दूर करने के लिए अदालतों के डिजिटल सिस्टम को बहुभाषी बनाया जाएगा, ताकि याचिकाकर्ता केस से जुड़ी जानकारी, आदेश, नोटिस और सुनवाई विवरण अपनी मातृभाषा में समझ सकें मुख्य न्यायाधीशों ने यूनिफाइड, एफिशिएंट और पीपुल-सेंट्रिक ज्यूडिशियरी के विजन के तहत न्याय को भाषाई व भौगोलिक सीमाओं से मुक्त करने का संकल्प लिया। यह पहल न्यायपालिका को लोगों के करीब और सुलभ न्याय की अवधारणा को मजबूत करेगी। सम्मेलन में माना गया कि तकनीक के समुचित उपयोग से न्यायिक प्रक्रियाएं न सिर्फ पारदर्शी होंगी, बल्कि आमजन का भरोसा भी बढ़ेगा। वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली को भी बहुभाषी डिजिटल सपोर्ट से जोड़ा जाएगा, ताकि छोटे मामलों का त्वरित समाधान हो सके।

यह होंगे प्रमुख प्रावधान

- ई-कोर्ट पोर्टल और मोबाइल प्लेटफॉर्म बहुभाषी किए जाएंगे।
- केस स्टेटस, आदेश व नोटिस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे।
- वर्चुअल सुनवाई में रियल-टाइम भाषा अनुवाद तकनीक पर काम।



इग्नू से एमबीए करने का मौका जान लें कोर्स से जुड़ी अन्य जरूरी जानकारी

एमबीए के तहत मैनेजमेंट के कई प्रमुख फील्ड शामिल किए गए हैं। इनमें फाइनेंस, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, ऑपरेशंस और लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल हैं। 2026 सेशन के लिए एमबीए कोर्स में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो छात्र नौकरी के साथ पढ़ाई करना चाहते हैं या नियमित कॉलेज नहीं जा सकते, उनके लिए यह मौका खास हो सकता है। यह एमबीए कोर्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (SOMS) के तहत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में चलेगा। अगर आपने किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से कम से कम तीन साल की ग्रेजुएशन डिग्री पूरी की है, तो आप आवेदन के योग्य हैं। आधिकारिक वेबसाइट ignou.ac.in से आवेदन किया जा सकता है। एमबीए के तहत मैनेजमेंट के कई प्रमुख फील्ड शामिल किए गए हैं। इनमें फाइनेंस, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, ऑपरेशंस और लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल हैं। कोशिश यही है कि छात्रों को असली कारोबारी दुनिया की समझ मिले। स्टडी मटेरियल को भी समय-समय पर अपडेट किया गया है ताकि बदलते बाजार और नई व्यवस्थाओं के मुताबिक पढ़ाई हो सके। इस कोर्स की सबसे बड़ी खासियत है कि छात्र अपनी गति से पढ़ाई कर सकते हैं। कामकाजी प्रोफेशनल, छोटे उद्यमियों या पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण नियमित कॉलेज नहीं जा पाने वाले छात्रों के लिए यह ऑप्शन उपयोगी साबित हो



ईवनिंग, पार्ट-टाइम या ऑनलाइन एलएलबी से वकालत नहीं, बीसीआई ने 2000-01 के बाद की डिग्रियों पर दोहराया प्रतिबंध

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2000-2001 से ईवनिंग, पार्ट-टाइम, नाइट स्कूल, वीकेंड, हॉलिडे, ऑनलाइन या डिस्टेंस मोड से हासिल एलएलबी डिग्री अधिवक्ता के रूप में नामांकन के लिए मान्य नहीं हैं। केंद्रीय विधि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। बीसीआई के अनुसार, पहले 'लीगल एजुकेशन रूल्स, 1989' के तहत दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में कुछ विश्वविद्यालयों व कॉलेजों को ईवनिंग एलएलबी कोर्स चलाने की अनुमति थी, बशर्ते वे तब के मानकों का पालन करें। लेकिन 'लीगल एजुकेशन रूल्स, 1999' के तहत 2000-2001 सत्र से सभी राज्यों में ईवनिंग एलएलबी कोर्स की मान्यता समाप्त कर दी गई। यह स्थिति वर्तमान 'लीगल एजुकेशन रूल्स, 2008' में भी बरकरार है, जिसमें एलएलबी को नियमित, फुलटाइम प्रोफेशनल कोर्स माना गया है। इसमें रोजाना और साप्ताहिक कक्षाएं, न्यूनतम उपस्थिति और सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक की शिक्षण विंडो अनिवार्य है। इसलिए, 2000-2001 के बाद ऐसे किसी भी मोड की डिग्री वाले उम्मीदवार अधिवक्ता के रूप में नामांकन नहीं करा सकते।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 | IND vs PAK महामुकाबले पर सस्पेंस: पाकिस्तान को लाहौर पहुंचाएंगे BCB अध्यक्ष, क्या बोलेगा बहिष्कार का संकट?

भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 4-0 से हराया, खिताब पर किया कब्जा

भारत की अंडर-17 टीम ने शनिवार को यहां खेले गए दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान जुलान नोंगमैथेम ने 42वें मिनट में पहला गोल किया, जिसके बाद एलिजाबेथ लकरा (63वें मिनट), पर्ल फर्नांडीस (68वें मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरामन (83वें मिनट) के गोल से टीम ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ राउंड-रॉबिन में मिली 0-2 की हार का बदला पूरा किया। भारत ने इस साल के अंत में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तहत अपनी अंडर-17 महिला टीम को सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भेजा था।

'पाकिस्तान को हमने इतने मौके दिए, लेकिन उन्होंने...', बायकॉट विवाद पर भड़के सुनील गावस्कर

सुनील गावस्कर ने भारत और पाकिस्तान के बीच खेल रिश्तों में असंतुलन को लेकर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा पाकिस्तान को मौका दिया, लेकिन बदले में वही व्यवहार नहीं मिला. यह बयान ऐसे समय आया है, जब पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला किया है. भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने भारत और पाकिस्तान के बीच खेल और सांस्कृतिक रिश्तों को लेकर लंबे समय से चली आ रही असमानता की ओर इशारा किया है. उनका मानना है कि पाकिस्तान हमेशा भारत से पहल की उम्मीद करता है, लेकिन बदले में वही रवैया नहीं दिखाता. आजतक को दिए एक खास इंटरव्यू में गावस्कर ने कहा कि भारत ने हमेशा पाकिस्तान के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं. चाहे वह IPL हो या कमेंट्री पैनल. लेकिन पाकिस्तान की ओर से ऐसा जवाबी व्यवहार बहुत कम देखने को मिला है.

गावस्कर ने कहा, 'हमने तो पहले ही शुरुआत कर दी थी. 2008 में IPL शुरू हुआ और तब लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी थे. हमारे यहां पाकिस्तानी कमेंटेटर भी रहे हैं. पाकिस्तान हमेशा चाहता है कि भारत उन्हें बुलाए, लेकिन बदले में हमने कभी वैसा कुछ देखा नहीं. यह तब की बात है, जब हालात आज जैसे भी नहीं थे. पाकिस्तान की तरफ से शायद ही कभी ऐसा कुछ हुआ हो.' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे कितने गायक, कितने फिल्मी सितारे हैं जिन्हें पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला? हमेशा पहला कदम भारत ही उठाता है. जब लोग बुली करने की बात करते हैं, तो हम किसी को नहीं दबा रहे. हम बस अपना काम कर रहे हैं और अपने हाल में हैं.' गावस्कर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ होने वाले अहम ग्रुप मैच के बहिष्कार का फैसला किया है. यह मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है. गावस्कर पहले भी इस फैसले की आलोचना कर चुके हैं और उनका कहना है कि यह फैसला खेल से ज्यादा राजनीति से जुड़ा हुआ है. पाकिस्तान ने टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि वह वर्ल्ड कप में खेलेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैदान में नहीं उतरेगा. इसकी वजह बताई गई बांग्लादेश के समर्थन में एकजुटता, जिसे ICC ने सुरक्षा कारणों के चलते हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल किया था.

रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने नेपाल को 4 रन से हराया, उलटफेर होते-होते रह गया

टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 5वां मुकाबला इंग्लैंड और नेपाल के बीच खेला गया. जिसमें इंग्लैंड की टीम ने केवल 4 रन से जीत हासिल की. ये मुकाबला आखिरी गेंद तक गया. ये मैच मुंबई के वानखेड़े मैदान पर हुआ. इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था. इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए थे. लेकिन नेपाल ने आखिरी गेंद तक लड़ाई लड़ी और केवल 4 रन से शिकस्त पाई. आखिरी दो ओवर यानी 12 गेंदों में नेपाल को जीत के लिए 24 रनों की दरकार थी. 19वें ओवर में वुड की पहली गेंद पर चौका पड़ा और फिर लगातार दो वाइड गई. 185 रनों के जवाब में उतरी नेपाल की शुरुआत बेहद शानदार रही. पहला झटका चौथे ओवर में लगा जब आशिफ शेख का विकेट गिरा. तब नेपाल का स्कोर 37 रन

था. इसके बाद 42 के स्कोर पर कुशल आउट हो गए. लेकिन इसके बाद रोहित पोडैल और दीपेंद्र सिंह के बीच अच्छी साझेदारी हुई. दोनों ने नेपाल का स्कोर 12वें ओवर में ही 100 के पार पहुंचा दिया. लेकिन ये साझेदारी टूटी 15वें ओवर में जब 124 के स्कोर पर दीपेंद्र सिंह का विकेट गिरा. इसके बाद रोहित पर बड़ी जिम्मेदारी थी. लेकिन 16वें ओवर में रोहित का भी विकेट गिर गया.

अमेरिकी राष्ट्रपति की करते हैं हू-ब-हू नकल

'चाइनीज़ ट्रंप' का अनोखा अंदाज़

चीनी नागरिक रयान चेन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं. इननमें वह ट्रंप की नकल करते दिखाई देते हैं. बोलने का लहजा, हाथों के इशारे, बॉडी लैंग्वेज सब कुछ ट्रंप से हैरान कर देने वाली हद तक मेल खाता है.

इन्हें यूएस का वीजा भी मिल चुका है (Photo:Insta/trumpbyryan and Reuters)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं. उनके फैसले हों या बयान, दुनिया भर में हलचल मच जाती है.

कई बार लोग फिक्रमंद हो जाते हैं कि आज ट्रंप क्या नया कदम उठा देंगे. उनकी नीतियों को लेकर आलोचना भी होती है और सोशल मीडिया पर उनकी मिमिक्री भी जमकर वायरल रहती है. ऐसे ही माहौल के बीच इन दिनों इंटरनेट पर 'चाइनीज ट्रंप' नाम से मशहूर एक शख्स का वीडियो धूम मचा रहा है, जो हू-ब-हू ट्रंप के अंदाज में बात करता नजर आता है. लोगों के मन में सवाल है कि आखिर ये शख्स कौन है? इस शख्स का नाम रयान चेन है और वह चीन के चोंगकिंग शहर से ताल्लुक रखते हैं. सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो वायरल हो चुके हैं, जिनमें वह ट्रंप की नकल करते दिखाई देते हैं. बोलने का लहजा, हाथों के इशारे, बॉडी लैंग्वेज सब कुछ ट्रंप से हैरान कर देने वाली हद तक मेल खाता है. हां, चेहरे-मोहरे में थोड़ा फर्क जरूर है, लेकिन अंदाज ऐसा कि लोग एक पल को ठिठक जाते हैं. ⊙

वायरल: 'क्या मैं पाक से हूं?'

कश्मीर की डल झील से जुड़ा एक हल्का-फुल्का लेकिन असरदार वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक कश्मीरी शिकारा नाविक ने पर्यटक को ऐसा जवाब दिया कि लोग उसकी समझदारी और हाजिरजवाबी की तारीफ करते नहीं थक रहे. वीडियो में देख सकते हैं कि डल झील में शिकारा चला रहा एक नाविक टूरिस्ट से सामान्य बातचीत करता है. बातचीत के दौरान नाविक टूरिस्ट से पूछता है कि वह कहां से आया है. ⊙

सरकारी सेवाएं पूरी तरह हैं डिजिटल

भारतीय ने बताया क्यों सिंगापुर में ज़िंदगी है बिल्कुल अलग?

भारत से सिंगापुर शिफ्ट होने के बाद वहां की जिंदगी कितनी बदल जाती है, इसका एक सच्चा और आसान उदाहरण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

सिंगापुर में काम कर रहे सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर अमन ने एक वीडियो के जरिए बताया कि विदेश जाना सिर्फ नई जगह पर रहना नहीं होता, बल्कि सोच, आदतों और रोजमर्रा की लाइफस्टाइल में भी बड़ा बदलाव लेकर आता है. अपने इस वीडियो में उन्होंने सिंगापुर में मिले चार बड़े "कल्चर शॉक" शेयर किए, जिनसे भारत और सिंगापुर के बीच का फर्क साफ नजर आता है. ⊙

कोलंबियाई सिंगर जिमेनेज की विमान हादसे में गई जान

जैसा देखा सपना, उसी तरह हुई मौत

कोलंबिया के मशहूर पॉप सिंगर येइसन जिमेनेज की 34 साल की उम्र में विमान हादसे में दुखद मौत हो गई.

